पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 285 | हल्द्वानी | बुधवार, 20 मई 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठः 8


**एक नजर**

### प्रशासन के साथ-साथ जिले के संगठन भी बराबर के दोषी : पन्त

**देहरादून।** अल्मोड़ा के महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित हर गोविंद पंत की जयंती पर शासन प्रशासन द्वारा उनको भुला दिया जाना एक सोची समझी साजिश का हिस्सा नजर आता है पिछले 10 वर्षों में देश में अनेक स्थानों पर महान स्वतंत्रता सेनानियों शहीदों की प्रतिमाओं को खंडित करना, सेनानियों के शिला पट्ट तोडना ,विद्यालयों में पाठ्यक्रम से स्वतंत्रता आंदोलन एवं स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को हटाना क्या यह देश के महान स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों का, शहीदों का अपमान नहीं है! जिस महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक के नाम से जिला अस्पताल स्थापित हो ऐसे महान व्यक्ति की जन्म तिथि को कैसे बुलाया जा सकता है कहीं ना कहीं इसमें अल्मोड़ा में स्वतंत्रता सेनानी संगठन के पदाधिकारी उतने ही दोषी हैं जितना जिला प्रशासन, उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय महामंत्री एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार कल्याण महा परिषद( रजि.)के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पंत ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए शासन से इस उपेक्षा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की श्री पंत ने अल्मोड़ा के समस्त स्वतंत्रता सेनानी परिवारों से भी अपील की कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने पूर्वज महान स्वतंत्रता सेनानियों की जन्म तिथि एवं पुण्यतिथि संगठन स्तर पर भव्य रूप से मनाए स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को किसी दल विशेष में नहीं बांधा जा सकता हम देश के हैं देश हमारा है यही हमारा नारा है।

# चीन नीति और ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस का केन्द्र सरकार पर हमला

### जयराम रमेश बोले- सरकार चीन के सामने कर रही समर्पण, पर्यावरणीय सवाल उठाने वालों को बताया जा रहा चीन समर्थक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आज केंद्र सरकार की चीन नीति और ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार चीन के प्रति 4सी नीति अपना रही है, जिसका अर्थ है लगातार और योजनाबद्ध तरीके से चीन के सामने समर्पण करना।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार एक दुष्प्रचार अभियान चला रही है, जिसके तहत ग्रेट निकोबार परियोजना से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान पर सवाल उठाने वालों को चीन समर्थक बताने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे सरकार का पाखंड करार दिया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर गलवान में शहीद हुए 20 भारतीय जवानों का अपमान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन के साथ हुई बातचीत के बाद भारत ने लद्दाख के कई इलाकों में गश्त और पारंपरिक पशु चराई के अधिकार खो दिए हैं।

रमेश ने दावा किया कि वर्ष 2025-26 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा रिकॉर्ड 115 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे भारतीय उद्योगों और छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गतिविधियों में चीन की भूमिका सामने आने के बावजूद केंद्र सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए। जयराम रमेश ने कहा कि यह परियोजना मुख्य रूप से एक व्यावसायिक उद्यम है और इसमें बनने वाले बंदरगाह का सैन्य ढांचे से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह परियोजना जबरदस्ती थोपी जा रही है और इससे पर्यावरण तथा मानवता पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेंगे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि द्वीप की जैव विविधता और स्थानीय समुदायों पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार इस परियोजना को हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक और आर्थिक ताकत बढ़ाने के लिए जरूरी बता रही है।

# बदरीनाथ से देहरादून जा रहा हेलिकॉप्टर आपात स्थिति में उतारा

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त, पायलट समेत छह लोग सुरक्षित



**देहरादून।** चंबा-आराकोट क्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे ट्रांस भारत एविएशन कंपनी के एक हेलिकॉप्टर की तकनीकी समस्या के चलते सत्यो-सकलाना क्षेत्र के खेतों में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित कुल छह लोग सवार थे, जो सभी सुरक्षित बताए गए हैं।

जानकारी के अनुसार हेलिकॉप्टर बदरीनाथ धाम से देहरादून की ओर जा रहा था। इसी दौरान उड़ान के समय हेलिकॉप्टर हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसके पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा। स्थिति बिगड़ती देख पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर को खेतों में सुरक्षित उतार दिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन एवं संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंच गई। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। प्राथमिक जांच में सभी यात्रियों को सुरक्षित पाया गया है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज हवाओं के कारण हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराए जाने की बात सामने आई है। वहीं तकनीकी एवं एविएशन एजेंसियां पूरे मामले की विस्तृत जांच करेंगी।पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि घटना से संबंधित किसी भी अपुष्ट या भ्रामक सूचना का प्रसार न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### पति की प्रताड़ना से तंग महिला को पुनर्वास केंद्र में भेजा

**कोटद्वार।** जनपद की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने गृह क्लेश से तंग आकर आत्महत्या करने जा रही एक महिला को काउंसलिंग के उपरांत पुनर्वास केंद्र में दाखिल किया है। उक्त महिला श्रृंगार की निवासी है। जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति द्वारा एक महिला को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की कोटद्वार इकाई के कार्यालय में लाया गया। टीम को उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह अपने गांव से आ रहा था। इस दौरान रास्ते में मानसिक रूप से परेशान यह महिला रोते हुए मिली। टीम द्वारा पूछताछ के दौरान 45 वर्षीय महिला ने खुद को श्रीनगर निवासी बताते हुए कहा की वह उसका पति गांव में मजदूरी का कार्य करता है। प्रतिदिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करता है। पति की प्रताणना से तंग आकर वह लगभग एक सप्ताह पूर्व घर छोड़कर चली गई थी दो -तीन दिन तक अपने किसी परिचित के यहां रुकने के उपरांत वह आत्महत्या करने के लिए जंगल की ओर जा रही थी। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम द्वारा तत्काल पीड़ित महिला को समझा बुझा कर तथा मेडिकल परीक्षण के उपरांत मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सुरक्षा एवं संरक्षण के चलते राजकीय महिला एवं बालिका कल्याण पुनर्वास केंद्र में दाखिल कराया गया है।

### देहरादून के पैनेसिया हॉस्पिटल में लगी भीषण आग, बुजुर्ग महिला की मौत

**देहरादून।** देहरादून-हरिद्वार रोड स्थित पैनेसिया हॉस्पिटल में आज अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे में वेंटिलेटर पर भर्ती बुजुर्ग महिला बीरावती की मौत हो गई, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना में अस्पताल कर्मचारियों समेत करीब दस लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार अस्पताल के आईसीयू में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट और ब्लास्ट होने के कारण आग लगी। देखते ही देखते आईसीयू में धुआं और गैस फैल गई, जिससे मरीजों, तीमारदारों और स्टाफ के बीच अफरा-तफरी मच गई। उस समय आईसीयू में छह मरीज भर्ती थे। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। अस्पताल स्टाफ, पुलिसकर्मियों और राहत टीमों ने जान जोखिम में डालकर मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला और अन्य अस्पतालों में शिफ्ट कराया। धुएं और गैस के कारण कुछ मरीजों और पुलिसकर्मियों को ऑक्सीजन की कमी होने लगी, जिन्हें उपचार के लिए कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

राहत एवं बचाव कार्य के दौरान तीन पुलिसकर्मियों की तबीयत भी बिगड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी प्रमोद डोभाल और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे तथा हालात का जायजा लिया। बाद में एसएसपी ने कैलाश अस्पताल पहुंचकर भर्ती पुलिसकर्मियों और मरीजों का हालचाल जाना।

एसएसपी प्रमोद डोबाल ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। सभी मरीजों और घायल कर्मचारियों को अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

### मुख्यमंत्री धामी ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर अर्पित की को श्रद्धांजलि



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चन्द्र खंडूड़ी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर अंतिम विदाई भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का संपूर्ण जीवन अनुशासन, सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को समर्पित रहा। उन्होंने उत्तराखंड के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे प्रदेश सदैव स्मरण रखेगा। मुख्यमंत्री ने उनके निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण, भाजपा महामंत्री (संगठन) अजय कुमार, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, खजान दास, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, मेयर सौरभ थपलियाल, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## संकट नहीं, दूरदृष्टि का समय

भारत आज विदेशी मुद्रा संकट से जूझ रहा है, ऐसा कहना वास्तविकता से दूर होगा। सच तो यह है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार आज ऐतिहासिक ऊंचाई पर है। 10 अप्रैल 2026 के आंकड़ों के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच चुका है। एक मोटे अनुमान के अनुसार यह भंडार आगामी 11 महीनों से अधिक समय तक देश की आयात आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा संपत्ति , स्वर्ण भंडार तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित राशि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है इसके बावजूद संभावित वैश्विक संकटों से समय रहते निपटने के लिए तैयारी करना ही दूरदृष्टि कहलाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भविष्य के वैश्विक हालात स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। निकट भविष्य में परिस्थितियों में बड़े सुधार की संभावना भी फिलहाल दिखाई नहीं देती। ऐसे में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से केवल एक वर्ष के लिए कुछ अनावश्यक खर्चों में कटौती का आग्रह किया है। इसमें ईंधन की बचत, सोना न खरीदना, विदेशी यात्राओं तथा विदेशों में शादियां आयोजित करने से बचना, खाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत तक कमी लाना और खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को 50 प्रतिशत तक सीमित करने जैसे सुझाव शामिल हैं। प्रधानमंत्री के इस आग्रह की आलोचना भले ही कुछ लोग राजनीतिक दृष्टि से करने का प्रयास करें, लेकिन वैश्विक परिस्थितियां आज सभी के सामने हैं। देशवासियों को यह भली-भांति ज्ञात है कि पेट्रोलियम उत्पादों जिनमें कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस शामिल हैं के लिए भारत की आयात पर निर्भरता काफी अधिक है। देश का वार्षिक आयात लगभग 979 अरब अमेरिकी डॉलर का है, जिसमें करीब 38 प्रतिशत हिस्सा केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर खर्च होता है। इसके अतिरिक्त सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स और रासायनिक उर्वरकों के मामले में भी विदेशों पर निर्भरता कम नहीं है। लगभग 10 प्रतिशत विदेशी मुद्रा केवल सोने के आयात पर खर्च होती है। यदि समग्र रूप से देखा जाए तो तेलंगाना के सिकन्दराबाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से किया गया यह आग्रह किसी भी दृष्टि से असुविधाजनक या अव्यावहारिक नहीं कहा जा सकता। आज पूरी दुनिया जानती है कि अमेरिका-ईरान युद्ध और उससे उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। हार्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से हालात और गंभीर बने हुए हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ईरान को प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपये मूल्य का कच्चा तेल समुद्र में बहाना पड़ रहा है। तेल उत्पादक अन्य देश भी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी लाने, सार्वजनिक परिवहन और वाहन पूलिंग को बढ़ावा देने का सुझाव दूरदृष्टिपूर्ण और राष्ट्रहित में ही माना जाना चाहिए। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन देना पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। इसी प्रकार भारत में सोने की खरीद के प्रति विशेष आकर्षण रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यदि व्यापक राष्ट्रहित में एक वर्ष तक सोना न खरीदा जाए तो इससे आमजन के जीवन पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। केवल दिखावे और शानो-शौकत के लिए होने वाली विदेशी यात्राओं तथा विदेशों में विवाह समारोह आयोजित करने के बजाय यदि लोग देश के भीतर ही पर्यटन और विवाह स्थलों को प्राथमिकता दें, तो इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के पर्यटन स्थलों को वैश्विक पहचान भी मिलेगी। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। यही कारण है कि आज जैविक खेती और जैविक खाद को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# शहर की सुरक्षा अब पीएसी जवानों के हवाले

### महापौर विकास शर्मा की पहल पर बनी नई सुरक्षा रणनीति,रातभर बाजार क्षेत्र में गश्त करेंगे पीएसी जवान




**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर**। शहर में पिछले दिनों शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की वारदातों के व्यापारियों के असंतोष और सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से मुलाकात की। इस दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लंबी और अहम वार्ता हुई, जिसमें रात के समय बाजारों और संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए बढ़ा निर्णय लिया गया।

बैठक में तय हुआ कि अब शहर की रात की सुरक्षा व्यवस्था में पीएसी के जवानों की अलग से तैनाती की जाएगी। एसएसपी अजय गणपति ने तत्काल प्रभाव से एक प्लाटून पीएसी तैनात करने के निर्देश जारी किये। यह पीएसी बल रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करेगा। पीएसी जवानों की निगरानी और संचालन के लिए एक सब इंस्पेक्टर को भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दरअसल बीते दिनों मटके वाली गली सहित शहर के चार प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की घटनाओं के बाद व्यापारियों में नाराजगी थी। व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की थी। इसी क्रम में महापौर विकास शर्मा व्यापारियों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा की। एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस की विशेष टीमें लगातार काम कर रही हैं और जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

महापौर विकास शर्मा ने एसएसपी से वार्ता के बाद बताया कि व्यापारियों के सुझावों के आधार पर शहर के कई संवेदनशील प्वाइंट चिन्हित कर लिए गए हैं, जहां पीएसी जवानों की विशेष तैनाती रहेगी। इसके अलावा शहर की गलियों और बाईपास मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रात में लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए पुलिसकर्मियों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन मिलकर ऐसा सुरक्षा तंत्र तैयार कर रहे हैं जिससे भविष्य में चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड पुलिस लगातार ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों और नशा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। रूद्रपुर में भी अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी व्यापारी को असुरक्षित महसूस नहीं होने दिया जाएगा।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि जहां आवश्यकता महसूस होगी वहां नगर निगम की ओर से भी अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि नई सुरक्षा रणनीति लागू होने के बाद शहर में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास मजबूत होगा।

# पूर्व सीएम खंडूरी के निधन पर उत्तराखंड पूर्व सैनिक संघ ने जताया शोक

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक संघ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी (से नि) जी के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक-संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति से उबरने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि राजनीति को सेवा का माध्यम बनाने वाले मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी ने ईमानदारी और अनुशासन के साथ देश और उत्तराखंड राज्य को एक नई दिशा प्रदान की। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के प्रणेता और 108 सेवा के जनक जनरल खण्डूरी ने देश की याता-यात व्यवस्था और चिकित्सा सेवा को एक नई दिशा प्रदान की जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

पारदर्शी शासन व्यवस्था, अनुशासित कार्यशैली एवं कुशल नेतृत्व क्षमता के लिए जरनल खण्डूरी को उत्तराखंड की जनता हमेशा याद रखेगी। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व सैनिक संघ के महासचिव त्रिलोक सिंह नेगी नौसेना कोऑर्डिनेटर गिरधर सिंह ,प्रताप मौर्य, रूप सिंह रावत ,एसपी साहू ,कैप्टन गम्भीर सिंह धामी ,महासचिव सूबेदार मेजर त्रिलोक सिंह नेगी, कैप्टन बचन सिंह नेगी, कैप्टन जगमोहन सिंह नेगी ,कैप्टन कल्याण सिंह रौतेला, संरक्षक कैप्टन आत्मा सिंह शामिल थे।

# विद्या मंदिर छात्र संसद एवं कन्या भारती का चुनाव संपन्न

**जानकीनगर।** कोटद्वार स्थित संस्थान रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज छात्र संसद एवं कन्याभारती सत्र 2026 हेतु विभिन्न पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया। विद्यालय के परीक्षा एवं मीडिया प्रभारी आचार्य रोहित बलोदी ने बताया कि विद्यालय में विगत एक सप्ताह से छात्र संसद एवं कन्याभारती चुनाव हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा छात्र संसद एवं कन्या भारती चुनाव हेतु नामांकन , चुनाव चिन्ह प्राप्ति एवं प्रचार प्रसार किया गया ।



विद्यालय में प्रधानमंत्री पद हेतु कनुप्रिया, केशव, आदर्श जुयाल एवं बंटी सिंह एवं सेनापति पद हेतु आदित्य शर्मा, देव राणा, उमंग, प्रतीक ने नामांकन कराया। उप प्रधानमंत्री पद हेतु आशुतोष, आयुष रावत एवं कारण शर्मा , उप सेनापति पद हेतु श्रेया, अनमोल, आराध्या बिष्ट, आराध्या भदौरिया, निशांत एवं गौरव, कन्याभारती अध्यक्ष पद हेतु आरुषि चतुर्वेदी , सिया राणा, तृषा चौधरी एवं पलक , सचिव पद हेतु अंशिका रावत एवं आद्या खंतवाल ने नामांकन कराया। छात्र संसद प्रभारी राजन कुमार शर्मा की देखरेख में बेलेट पत्र के माध्यम से विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मतदान किया। जिसमें की प्रधानमंत्री पद पर कनुप्रिया, उपप्रधानमंत्री आयुष रावत, सेनापति जूनियर उमंग खांसुली, सेनापति सीनियर आदित्य शर्मा, उप सेनापति आराध्या बिष्ट, कन्याभारती अध्यक्ष पलक कनोरिया, सचिव अंशिका रावत बनी। व्यवस्था अनुरूप विजयी प्रतिभागियों शपथ शपथ ग्रहण बुधवार प्रातः वंदना सत्र में होगा।

प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को मतदान हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, चुनाव अधिकारी, मतदान अधिकारी का दायित्व दिया गया। मतगणना के इसअवसर पर उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, परीक्षा प्रभारी रोहित बलोदी एवं राहुल भाटिया, कार्यालय प्रमुख राकेश चमोली, भूपेंद्र सिंह, शिवराम बडोला, मोहन सिंह, सुबोध ध्यानी, संगीता रावत, मधुबाला नौटियाल, सरोज नेगी, संगीता कुकशाल, नंदिनी नैथानी, विनीता बिष्ट, साक्षी अग्रवाल, पूनम नेगी, प्रेम नेगी, सच्चिदानंद, मुकेश सुंदरियाल, सुरेंद्र राणा आदि उपस्थित रहे।

## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


## आवश्यकता है

**हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।**

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735



**सम्पादकः सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# ज्येष्ठ माह पर विशाल जनसेवा एवं भंडारा आयोजित



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ज्येष्ठ माह के पावन तृतीय बड़े मंगलवार के अवसर पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में गांधी पार्क के समीप विशाल जनसेवा, भंडारा एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया तथा सेवा कार्यों की सराहना की।

भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए भोजन वितरण के साथ-साथ मीठे एवं शीतल शरबत की विशेष छबील लगाई गई। राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूर भाइयों एवं जरूरतमंद लोगों को प्रेमपूर्वक ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। पूरे कार्यक्रम के दौरान सेवा, समर्पण एवं मानवता का भाव देखने को मिला तथा भगवान श्री हनुमान जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा इस अवसर पर एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तथा जरूरतमंदों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने कहा कि यह जनसेवा अभियान पिछले लंबे समय से निरंतर संचालित किया जा रहा है। सर्दियों के मौसम में जरूरतमंदों एवं राहगीरों के लिए चाय एवं भोजन वितरण किया जाता है, वहीं गर्मियों के मौसम में भोजन के साथ-साथ ठंडे मीठे शरबत का वितरण भी लगातार किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस एवं राहगीरों को राहत एवं लाभ प्राप्त हो रहा है।कार्यक्रम में कुशल अग्रवाल, सुनील पचौरी, रवि अग्रवाल, प्रमोद यादव, प्रवीण जैन, अमित मित्तल, ज्योति अग्रवाल, अनुराग शर्मा, निखिल चंडोक, राजेश मित्तल, ज्योति गर्ग, उदय वार्ष्णेय, जुगनू अरोरा, एडवोकेट पूजा मित्तल, एडवोकेट दीपिका मित्तल सहित अनेक सम्मानित सहयोगी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बीती रात अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 10 ठाकुर नगर निवासी 22 वर्षीय राकेश अधिकारी किसी कंपनी में काम करता था। उसके घर में उसके पिता और माता है। बताया जाता है कि बीती रात वह काम से वापस लौटा और खाना खाकर अपने कमरे में चला गया।

रात को लगभग 12ः00 बजे उसके मोबाइल से गाने की आवाज बंद नहीं हुई तो उसके पिता उसके कमरे में पहुंचे उन्होंने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई दरवाजा अंदर से बंद था। जिस पर राकेश के पिताजी ने दरवाजे को तोड़ा तो देखा कमरे में राकेश फांसी के फंदे पर लटका हुआ है । शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस की मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कराला महर में जलजीवन मिशन के कार्यों में भारी भ्रष्टाचार




## ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने डीएम से की जांच की मांग

**पिथौरागढ़।** बेरीनाग के कराला महर के ग्राम प्रधान मनोज कुमार पाठक और सामाजिक कार्यकर्ता संजय पाठक ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि उनके क्षेत्र में जलजीवन मिशन के कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। गुणवत्ताराहित कार्य किया जा रहा है। पाइप लाईन के लिए इस्तेमाल सामग्री घटिया है। जेई द्वारा बिना स्थलीय निरीक्षण के कार्य करवाया जा रहा है। पाईप डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है।

पाईप को निर्धारित गहराई में नहीं डाला गया है। कार्य अधूरा छोड़ा गया है। कई घरों तक पानी का कनैक्शन नहीं दिया गया है। जेई और ठेकेदार की मिलीभगत से योजना में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। ग्राम प्रधान और ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी से कार्य की अविलंब जांच कराकर दोषियों को दंडित करने की मांग की है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार पाठक ने बताया कि गांव की खेती को जंगली व आवारा जानवरों द्वारा निरंतर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। फसलों के नष्ट होने से किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं।

इससे कृषि योग्य भूमि बंजर हो रही है। इसका सीधा असर किसानों की आमदनी व आजीविका पर पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए तार बाड़ व चकबंदी करने की मांग की है। साथ ही मनोज कुमार पाठक ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कराला महर का भवन क्षतिग्रस्त हो चुका है। दीवारों में दरार है तथा बरसात में छत से पानी टपकता है। जिससे पठन पाठन कार्य बुरी तरह से प्रभावित है। भवन की खराब अवस्था के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों की जान खतरे में है। दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं से विद्यालय की अविलंब मरम्मत करने की मांग की है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**शक्तिफार्म।** सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात कोतवाली सितारगंज के एमडीटी पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही शक्तिफार्म चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय सितारगंज पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार गुरुनानकनगरी गोठा निवासी 24 वर्षीय मनजीत सिंह उर्फ बिट्टू अपनी 22 वर्षीय पत्नी मनन उर्फ सुखविंदर कौर के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मनजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी पत्नी का उपचार जारी है। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को सुरक्षा की दृष्टि से शक्तिफार्म चौकी में खड़ा कर दिया है। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की पहचान की जा सके। फिलहाल फरार वाहन चालक की तलाश जारी है।

## मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि की वितरित




**पिथौरागढ़।** भीम सिंह वल्दिया की पुण्य तिथि पर सुरभि सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जीआईसी आठगांव शीलिंग के 6 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि वितरित की गई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को छाता तथा गायन में अच्छे दो विद्यार्थियों को हॉटकेस प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महेश मखौलिया ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी देश की धरोहर हैं। इनको प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है। लक्ष्मी वल्दिया ने कहा कि उनके पति इसी गांव के थे। सन 2012 से उनकी स्मृति में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि वितरित की जा रही है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य योजना की चंद्रा चौहान ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। जेसी पंत, जीवन तिवाड़ी तथा मधु भट्ट ने सभी छात्राओं का वजन और लंबाई नापकर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। दीपा खाती तथा जेएस धामी ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न कराई। सुरभि सेवा समिति के सचिव मोहन चंद्र पाठक ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करना है। प्रधानाचार्य रवीश जोशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र हमारे देश का भविष्य हैं। संचालन डॉ. दीपक कापड़ी ने किया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थी दिव्यांशी वल्दिया, गायत्री खैनाल, शिवानी, भूमिका, जाह्नवी, अक्षरा, शंकर तिवाड़ी, श्याम सिंह, शुभम आदि मौजूद थे।

## रोडवेज में बेहोश मिली युवती की इलाज के दौरान मौत

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रोडवेज में बेहोशी की अवस्था में मिली युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। पुलिस ने मामले की जानकारी उसके परिजनों को दे दी है और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह रुद्रपुर रोडवेज में एक युवती बेहोशी की अवस्था में पाई गई राहगीरो ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो महिला पुलिस कर्मियों ने उसे युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है की युवती की उम्र लगभग 19 वर्ष की थी और वह शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी उसका नाम बीनू पाल पुत्री महिपाल है। जानकारी मिली है कि युवती की एक महिला रिश्तेदार अस्पताल पहुंच चुकी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवती किस प्रकार शाहजहांपुर से रुद्रपुर आई और कैसे उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# महंगाई कम करने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार: भावना



## कांग्रेस महिला मोर्चा ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**पिथौरागढ़।** कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भावना नगरकोटी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं ने आसमान छूती महंगाई, पेट्रोल डीजल तथा गैस के दाम में बढ़ोत्तरी के खिलाफ नगर में जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। भावना नगरकोटी ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और महंगाई के बोझ के नीचे आम आदमी दब कर कराह रहा है। भाजपा सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं।

सरकार को महंगाई कम करने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। जिस तरह से आज आम जनता बदहाल हो चुकी है?। चारों तरफ महंगाई की मार पड़ी हुई है। एलपीजी की किल्लत हो गई है। जनता गैस सिलिंडर लेने के लिए लम्बी लम्बी लाईनों में खड़ी है। फिर भी उसको गैस सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। भावना नगरकोटी ने सरकार से सवाल किया कि अगर पेट्रोल डीजल महंगा हो गया है तो क्या हम सब गाड़ी में आना जाना छोड़ दें? गैस सिलिंडर महंगा हो गया तो क्या हम खाना खाना छोड़ दें? कितनी शर्मनाक बात है कि सरकार की नाकामी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

भाजपा सरकार के शासन काल में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। मोदी की विदेश नीति फेल हो गई है। अर्थव्यवस्था बदहाल है। सरकार रोजगार तो दे नहीं पा रही है। युवा परीक्षा दे रहे हैं तो पेपर लीक हो जा रहा है। कांग्रेस महिला मोर्चा निकम्मी और भ्रष्टाचारी सरकार का पुरजोर विरोध करता है। सरकार तुरंत महंगाई कम करने के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने सरकार से पेट्रोल डीजल के दाम घटाने की तथा रसोई गैस सिलिंडरों की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की है। प्रदर्शनक के दौरान पद्मा बिष्ट, गीता पहरा, अंजुम आरा, सपना कोहली, गीता तिवारी, सरस्वती मखौलिया, रायसा बानो, मुकेश पंत, मनोज ओझा, महेंद्र लुंठी, राहुल लुंठी, सुमन वल्दिया, मनोज ठकुराठी आदि मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं ने किया राजकीय पौधालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

## पौधालय को जिलाधिकारी की विशेष पहल से पर्यटन एवं शैक्षणिक केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित





**बागेश्वर (गोविन्द मेहता)।** जिलाधिकारी की पहल पर पौधालय को पर्यटन एवं शैक्षणिक केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित, वॉकिंग ट्रेल, बैंबू हट एवं उन्नत किस्म के फलदार पौधों का होगा उत्पादन।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशों के क्रम में छात्र-छात्राओं के एक दल ने राजकीय पौंधालय (नर्सरी) का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चों को पौधों के रोपण, संरक्षण एवं देखभाल पॉलीहाउस, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, कटिंग, ग्राफ्टिंग, बडिंग, पौधों के रखरखाव की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न फलदार एवं पुष्पीय पौधों की प्रजातियों से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने नर्सरी में तैयार की जा रही पौधों की विविध किस्मों को करीब से देखा और उनसे संबंधित जानकारी प्राप्त की। पहली बार बड़ी संख्या में बच्चों को नर्सरी भ्रमण कराया गया, जिससे विद्यार्थियों में कृषि एवं उद्यानिकी के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हरीश जोशी ने बच्चों एवं किसानों को विभागीय योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा उद्यानिकी से जुड़ी संभावनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद के प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए आधुनिक खेती एवं बागवानी के लाभों के बारे में जानकारी दी। वही बागेश्वर में उद्यान विभाग के पौधालय को बेहतर और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पौधालय प्रभारी और

उद्यान निरीक्षक प्रमोद राणा के द्वारा पौधालय में विभिन्न प्रकार के पौधों की नर्सरी तैयार करने तथा नर्सरी को लाखों का राजस्व दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु छात्रों ने नर्सरी की बारीकियों की जानकारी ली। पौधालय प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि पौधालय भ्रमण को अधिक आकर्षक एवं सुगम बनाने के लिए जिला योजना 2026 के अंतर्गत 13.10 लाख रुपये की लागत से वॉकिंग ट्रेल निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में पौधालय परिसर में आगंतुकों के लिए दो बैंबू हट बनाए जाएंगे। साथ ही बाउंड्री वॉल पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण से संबंधित प्रेरक स्लोगन और पोस्टर अंकित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त परिसर में आम, लीची एवं अमरूद की उन्नत किस्मों के पौधों का रोपण किया जाएगा। इन प्रयासों से पौधालय को एक आकर्षक शैक्षणिक, पर्यावरणीय एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंनें स्वयं की विशेष मेहनत से नर्सरी में पहली बार विभिन्न प्रजाति के कीवी पौधों की नर्सरी तैयार की है जो कि अनुपम पहल है। वहीं दूरदराज क्षेत्रों के काश्तकारों ने पौधालय प्रभारी प्रमोद राणा को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। कार्यक्रम में राबाइंका तथा विक्टर मोहन जोशी राइका बागेश्वर के छात्र-छात्राएं ,जनपद के कृषक, जिला उद्यान अधिकारी हरीश चंद्र आर्या,ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक कुलदीप जोशी, हरीश कोरंगा, प्रमोद सिंह राणा, शैलेश तिवारी एवं नंदन सिंह गढ़िया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन अभियान के तहत यात्रा मार्गों के मेडिकल स्टोरों और जन औषधि केंद्रों का निरीक्षण

**उत्तरकाशी।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनहित में जेनेरिक दवाएं, प्रभावी, किफायती और आवश्यक सुरक्षित दवा, सुरक्षित जीवन अभियान के तहत व्यापक जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। संचालित इस विशेष अभियान के दौरान तीर्थ यात्रियों और आम लोगों को जेनेरिक दवाओं के लाभ, उनकी गुणवत्ता तथा सुरक्षित दवा उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर मोहम्मद ताजमि, प्रकाशमणी फिजिशियन चिकित्सक सहायक तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने मनेरी और उत्तरकाशी क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों एवं जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में संचालित जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही डोर-टू-डोर अभियान चलाकर लोगों तक सीधे पहुंच बनाई गई और उन्हें जेनेरिक दवाओं के महत्व की जानकारी दी गई। निरीक्षण और जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जेनेरिक दवाइयों की गुणवत्ता, प्रभाव और चिकित्सीय असर महंगी ब्रांडेड दवाओं के समान ही होता है। इनकी कीमत कम होने से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सुलभ उपचार मिल पाता है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक सस्ती, सुरक्षित और प्रमाणित दवाइयां उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। अभियान के दौरान मेडिकल स्टोरों में रखी एक्सपायर दवाइयों की भी जांच की गई। टीम ने दवा विक्रेताओं को निर्देश दिए कि अवसान दवाइयों के लिए अलग डिब्बा रखा जाए और उन्हें सामान्य कूड़े में न फेंका जाए। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी दवाइयों को पीले रंग के बैग में एकत्र कर जिला अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के तहत जमा कराया जाए, जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को किसी प्रकार का खतरा न हो। निरीक्षण टीम ने मेडिकल स्टोर संचालकों को प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा खाद्य एवं मेडिकल लाइसेंस अनिवार्य रूप से प्रदर्शित रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान सुरक्षित दवा उपयोग और जेनेरिक दवाओं के प्रचार-प्रसार हेतु पेम्पलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी दवा का सेवन न करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाया गया यह अभियान न केवल सस्ती और प्रभावी दवाओं के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि सुरक्षित दवा उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बागेश्वर में जल्द बनेगा 'हिल हेरिटेज' राज्य अतिथि गृह

## पहाड़ी वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का होगा संगम,17.52 करोड़ की परियोजना पर सचिवालय में मंथन, एकीकृत भवन मॉडल पर जोर

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सोच है कि विकास की रोशनी प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचे इसके लिए लगातार प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के दूरस्थ जनपदों में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कुमाऊं मंडल के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले बागेश्वर जिले को जल्द ही एक अत्याधुनिक राज्य अतिथि गृह की सौगात मिलने जा रही है। राज्य सम्पत्ति विभाग ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को न केवल प्रशासनिक जरूरतों बल्कि पर्यटन और स्थानीय सांस्कृतिक पहचान से भी जोड़ने का निर्णय लिया है। सचिवालय में मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में ग्राम ठेलापालन, तहसील बागेश्वर स्थित 45 नाली भूमि पर प्रस्तावित राज्य अतिथि गृह निर्माण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर विस्तार से चर्चा की गई। लगभग 17.52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस परिसर को उत्तराखंड की पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव आवास एवं राज्य सम्पत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि भवन का स्वरूप ऐसा हो, जो पहाड़ की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य को प्रतिबिंबित करे। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि भवन का डिजाइन आकर्षक, पर्यावरण के अनुकूल तथा स्थानीय स्थापत्य कला पर आधारित हो। इसके साथ ही दूसरे तल पर प्रस्तावित कमरों में आवश्यक बदलाव कर योजना को और उपयोगी बनाने को कहा गया। एक ही परिसर में पर्यटकों को विशेष सुविधाएं मिलेंगी ।

परियोजना की समीक्षा के दौरान यह भी तय किया गया कि अलग-अलग भवनों के निर्माण के बजाय सभी श्रेणी के अतिथि कक्ष, कॉन्फ्रेंस हॉल और अन्य सुविधाओं को एकीकृत भवन में विकसित किया जाए। इससे निर्माण लागत में संतुलन रहेगा, रखरखाव आसान होगा और आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। सचिव ने विद्युत कार्यों की अलग डीपीआर तत्काल प्रस्तुत करने तथा संशोधित आगणन शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

प्रशासन और पर्यटन दोनों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि राज्य अतिथि गृह बनने से बागेश्वर में प्रशासनिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही जिले में आने वाले विशिष्ट अतिथियों, अधिकारियों और पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे स्थानीय पर्यटन, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

क्या बोले सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सोच है कि विकास की रोशनी प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचे। बागेश्वर का प्रस्तावित राज्य अतिथि गृह आधुनिक सुविधाओं, स्थानीय वास्तुकला और गुणवत्तापूर्ण निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा। हमारा प्रयास है कि यह परिसर केवल अतिथि आवास तक सीमित न रहकर प्रशासनिक बैठकों, सरकारी कार्यक्रमों और क्षेत्रीय विकास गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बने। गुणवत्ता, मितव्ययता और दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि बागेश्वर को एक ऐसी आधुनिक सुविधा मिल सके जिस पर पूरा प्रदेश गर्व कर सके।

# बालश्रम के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश, यात्रा मार्गों पर चलेगा सघन चेकिंग अभियान

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**उत्तरकाशी।** जिला स्तरीय बालश्रम उन्मूलन टॉस्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बालश्रम के खिलाफ कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं बाल संरक्षण इकाई को संयुक्त रूप से और सहित यात्रा मार्गों पर स्थित होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंटों में सघन चेकिंग अभियान चलाने को कहा। जिलाधिकारी ने आम जनता से भी इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे बाल मजदूरी करते हुए पाए जाते हैं तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाने या चाइल्ड हेल्पलाइन को दी जाए, ताकि ऐसे बच्चों को रेस्क्यू कर उनका बचपन सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने बालश्रम उन्मूलन एवं जिला टॉस्क फोर्स को समय-समय पर औचक छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश भी दिए, जिससे बालश्रम में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने बच्चों को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए पुलिस, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विकास विभाग, बाल संरक्षण इकाई, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ टीम भावना में कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, एसीएमओ विनोद कुमार पांगती, जिला समाज कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह पंवार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शोएब हुसैन, सब इंस्पेक्टर गीता, राज्य प्रबंधन प्लान इंडिया के गोपाल थपलियाल, पमिता थपलियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कालेश्वर एवं जोशियाड़ा वार्डों में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**उत्तरकाशी ।** क्षेत्र के अंतर्गत कालेश्वर एवं जोशियाड़ा वार्डों में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि सिंचाई गूलों के ऊपर हुए अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, जो जलभराव का मुख्य कारण बन चुका है। इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सिंचाई, राजस्व एवं नगर पालिका विभाग की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए।

यह टीम अगले दस दिनों के भीतर जल निकासी में बाधा बन रहे सभी अवरोधों एवं अतिक्रमणों को चिह्नित करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टीम गूलों और नालियों पर हुए अवैध अतिक्रमण की पहचान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रशासन को सौंपे, ताकि समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। मनेरा बाईपास के लदाड़ी क्षेत्र में आए दिन लगने वाले लंबे जाम और इससे स्थानीय लोगों तथा यात्रियों को हो रही परेशानी को देखते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संकीर्ण सड़क मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या का व्यावहारिक एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई सचिन सिंघल, अधिशासी अधिकारी कुसुम राणा सहित लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सीएम खंडूरी के निधन पर उप जिला चिकित्सालय में शोक सभा, स्वास्थ्य कर्मियों ने जताया दुख



**लोहाघाट ।** 19 मई को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद खंडूरी का आकस्मिक निधन हो गया था। पूर्व सीएम खंडूरी के निधन पर आज बुधवार को लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य कर्मियों ने उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी के नेतृत्व मे पूर्व सीएम स्वर्गीय खंडूरी को श्रद्धांजलि देते हुए शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में पूर्व सीएम खंडूरी के निधन पर दुख जताते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में नगर पालिका अध्यक्ष लोहाघाट व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लता वर्मा भी शामिल हुई। चिकित्सा अधीक्षक विराज राठी ने कहा पूर्व सीएम स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय के समस्त स्वास्थ्य कर्मी दुख जताते हैं तथा भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं । उन्होंने कहा स्वर्गीय खंडूरी एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री थे तथा कर्मचारी हित में उनके द्वारा कई अहम फैसले लिए गए। वही नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लता वर्मा ने पूर्व सीएम खंडूरी के निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा स्वर्गीय खंडूरी उत्तराखंड के ईमानदार मुख्यमंत्रीयो मे से एक थे । अपने शासनकाल के दौरान स्वर्गीय खंडूरी के द्वारा प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिनमें नौकरियों से इंटरव्यू को हटाना एक बड़ा फैसला था। इसके अलावा पूर्व सीएम खंडूरी के द्वारा युवाओं व ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की गई थी। उन्होंने बताया पूर्व सीएम खंडूरी के निधन से प्रदेश को बड़ी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा अपनी ईमानदारी व ठोस निर्णय के लिए स्वर्गीय खंडूरी हमेशा याद किए जाएंगे । उन्होंने स्वर्गीय खंडूरी को एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री बताया। शोक सभा में समस्त स्वास्थ्य कर्मी व अस्पताल में आई जनता मौजूद रही।

# कोतवाली बैजनाथ में हुआ थाना दिवस एवं सीएलजी गोष्ठी का आयोजन

## एसपी की पहल से थाना दिवस बने जनता और पुलिस के बीच भरोसे का पुल, थाना दिवस जनता की सुनवाई और समाधान का बना केंद्र





**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा की अध्यक्षता में कोतवाली बैजनाथ में थाना दिवस का आयोजन हुआ। साथ हीएसपी मेहरा द्वारा सीएलजी के सदस्यो के अतिरिक्त नगर के सम्भ्रान्त नागरिक, सीनियर सिटीजन, ग्राम प्रधान, व्यापार मण्डल एवं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियो के साथ गोष्ठी की गई। जिसमे एसपी मेहरा ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याओ और महत्वपूर्ण सुझावो के बारे में जानकारी ली। लोगों ने युवाओं में बढ़ते नशे का चलन, नगर क्षेत्र में स्कूल समय पर नगर क्षेत्र में पुलिस की व्यवस्था करते हुए उस दौरान भारी वाहनो के प्रवेश को प्रतिबंधित करने, सडक के दोनो ओर खडे किये गये वाहन स्वामियों को नोटिस देकर वाहन पार्किंग या अन्यत्र खडे किये जाने की व्यवस्था , ट्रिपल राईडिंग, रैस ड्राईविंग की घटनाओ पर लगाम लगाने हेतु आकस्मिक रूप से वाहन चैकिंग अभियान चलाकर ड्रंकन ड्राईव की घटनाओ की प्रभावी रोकथाम हेतु एल्कोमीटर से चैकिंग कराते हुए क्षेत्र में कतिपय स्थानो पर अवैध शराब परोसने वाले के विरूद्ध भी कार्यवाही किए जाने की मांग की। अवैध शराब बिक्री और यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए काउंसलिंग बेहद जरूरी है। लोगों ने पुलिस से नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। पूर्व ग्राम प्रधान प्रकाश कोहली ने गांवों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। वहीं केसी आर्या ने सुबह के समय बार खुलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सुबह छह बजे से ही शराब मिलने लगती है, जिससे क्षेत्र में शराबियों का आतंक बढ़ रहा है।

व्यापार संघ अध्यक्ष डगोली ने कहा कि कई लोग सड़क किनारे बैठकर शराब पी रहे हैं, जिससे माहौल खराब हो रहा है। पंकज कंसेरी ने सुझाव दिया कि बार संचालक नियमों का पालन करें और बार से बाहर बोतलों में शराब देने पर रोक लगाई जाए। पूर्व प्राचार्य जीवन दुबे ने स्कूल समय के दौरान यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन की आवश्यकता बताई। वहीं ठाकुर सिंह मेहरा ने तलिहाट क्षेत्र में ग्राम प्रहरी की तैनाती और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग रखी। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।साथ ही उन्होंने सभी लोगों से कोतवाली क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने हेतु सभी लोगों से सहयोग करने की अपील की।वही एसपी मेहरा नेआमजन से सीधा संपर्क साधकर पारदर्शी व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया, साथ ही उन्होंने नशामुक्त बागेश्वर के संकल्प को पूरा करने के लिए जनता से सीयूजी नंबर पर गोपनीय सूचनाएं साझा करने की अपील की।जबकि %ऑपरेशन प्रहार% के तहत सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में चेकिंग ब ?ाकर अवैध मादक पदार्थों के तस्करों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अजय साह, बागेश्वर कोतवाल अनिल उपाध्याय, एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन खान,शासकीय अधिवक्ता गोविन्द बल्लभ भट्ट,सहित वरिस्ठ नागरिक हरीश जोशी, अर्जुन राणा, सहित स्थानीय पत्रकार बंधु और क्षेत्रीय जनप्रतिधि और जनता मौजूद थी।

# गंगोलीहाट में राज्य मंत्री बलवीर सिंह घुनियाल का भव्य स्वागत, क्षेत्र के प्रगतिशील काश्तकारों के साथ मंत्री की बैठक

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को डॉक्टर उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे।



**गंगोलीहाट।** जड़ी बूटी विकास सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री बलवीर सिंह घुनियाल अपने गंगोलीहाट प्रवास के दौरान क्षेत्र के विकास और किसानों की उन्नति को लेकर बेहद सक्रिय नजर आए। कल रात्रि गंगोलीहाट पहुंचने पर स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में भाजपाअजा मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपाल आर्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में नगर मण्डल अध्यक्ष संजेश मेहता, भाजपा अनु मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दर्पण कुमार और अजा नगर मण्डल अध्यक्ष दयाल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

आज प्रात: राज्य मंत्री ने सबसे पहले विश्व प्रसिद्ध मंदिर मां हाट कालिका के दरबार में हाजिरी लगाई और देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत, उन्होंने क्षेत्र के प्रगतिशील काश्तकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में नीरज पंत, प्रताप सिंह रावत, भूपाल आर्या, करम राम, पंकज भट्ट, विमलेश कोठारी, अमित वर्मा, लिखित पंत और प्रकाश पंत सहित कई स्थानीय किसान मौजूद रहे। बैठक के दौरान राज्य मंत्री ने सरकार द्वारा जड़ी बूटी की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने परंपरागत खेती के साथ-साथ जड़ी बूटी उत्पादन को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के किसानों की आजीविका को मजबूत करने और उनकी आय दोगुनी करने में मील का पत्थर साबित होगी। घुनियाल ने किसानों को प्रेरित करते हुए विश्वास दिलाया कि सरकार और वे स्वयं व्यक्तिगत स्तर पर काश्तकारों को हरसंभव तकनीकी जानकारी, संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

इसी बीच, स्थानीय मीडिया प्रतिनिधि से विशेष बातचीत करते हुए बलवीर सिंह घुनियाल ने क्षेत्र की जनसमस्याओं पर भी खुलकर बात की। गंगोलीहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टरों की लंबे समय से चल रही कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस गंभीर मामले को लेकर जल्द ही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करेंगे। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे शासन के समक्ष मजबूती से क्षेत्र का पक्ष रखेंगे और अस्पताल में जल्द से जल्द डॉक्टरों की तैनाती करवाकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का भरसक प्रयास करेंगे।

इसके बाद विश्व प्रसिद्ध पाताल भुवनेश्वर दर्शन के बाद राजधानी वापसी का कार्यक्रम है।

# पीएम श्री वीएमजेएस राजकीय इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रबंधन समिति गठित



**बागेश्वर।** पीएम श्री वीएमजेएस राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में शिक्षक-अभिभावक समिति और विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। अभिभावकों की बैठक में सर्वसम्मति से अभिभावकों ने शिक्षक-अभिभावक समिति हेतु अध्यक्ष पद पर हेमा देवी और उपाध्यक्ष हेतु प्रभारी प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी को चुना। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बबीता देवी निर्वाचित हुईं। बैठक में विद्यालय की शैक्षिक और सहशैक्षिक गतिविधियों के साथ परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की प्रगति आख्या को अभिभावकों के सम्मुख रखा। बताया कि मुख्यमंत्री मेधावी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 16 छात्र-छात्राओं को दो लाख 400 रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने तथा मोबाइल और नशे की प्रवृत्तियों से दूर रखने की अपील की। इस दौरान समस्त अभिभावक और शिक्षक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

**उत्तरकाशी ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडूड़ी जी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सार्वजनिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने प्रदेशहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडूड़ी जी की सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोक संतप्त परिजनों एवं समर्थकों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# पीटीए संघ के अध्यक्ष बने दीपक रावत

**लंबगांव।** शिक्षक-अभिभावक संघ (पीटीए) की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में दीपक सिंह रावत को अध्यक्ष तथा प्रमेश कुमार को सचिव चुना गया। विद्यालय परिसर में निवर्तमान पीटीए अध्यक्ष राधिका देवी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष और सचिव के अलावा सरोप सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया, जबकि सुनीता देवी, हरीश लाल और कविता देवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। कार्यकारिणी गठन के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पैन्यूली ने शिक्षक-अभिभावक संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने तथा कमजोर छात्रों की सहायता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। बैठक के दौरान शिक्षक मनोहर लाल ने शैक्षिक सत्र 2025-26 में विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय ने विज्ञान, संस्कृत, साहित्य सर्जन, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों में राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया है। साथ ही विद्यालय का गृह एवं परिषदीय परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर सभी को बधाई दी गई। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष प्रभा देवी, पूर्व पीटीए अध्यक्ष चंदन सिंह रावत, राम सिंह, पंकज सिंह, अनिल सिंह, राधिका, नर्मदा देवी, सुरेश सिंह रावत, उदय कुमार, विजेंद्र सिंह रावत, दीपक चौहान, मनोहर लाल, अरविंद कुमार, विनोद सेमवाल, सचिन राणा, विमल, नैना कुमारी, स्मिता पंवार, शिवानी जोशी, ममता देवी सहित अनेक अभिभावक और शिक्षक मौजूद रहे।

# स्कूली छात्र-छात्राओं को पुलिस ने पढ़ाया नशा, साइबर, सड़क एवं महिला सुरक्षा का पाठ



**उत्तरकाशी ।** जनपद में नशा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 19 मई 2026 को में चौकी नौगांव पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी नौगांव उपनिरीक्षक भूपेन्द्र रावत द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें नशे एवं गलत संगति से दूर रहकर अपने लक्ष्य एवं कैरियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया गया। वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचाव हेतु सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी गई तथा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पुलिस द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों, उत्तराखण्ड पुलिस ऐप, डायल-112 एवं महिला हेल्पलाइन-1090 के प्रभावी उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए 'गुड सेमेरिटन' एवं 'गोल्डन आवर' की महत्ता समझाई गई तथा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की समय पर सहायता करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमारी रीना रावत, अध्यापक प्रमोद रावत, त्रेपन रावत, अवतार चौहान, मुख्य आरक्षी यातायात नरेश बड़ोनी, आरक्षी देवेन्द्र कुमार, महिला आरक्षी रंजीता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ड्यूटी के दौरान सेंचुरी मिल कर्मी की मौत, परिजनों को 9 लाख मुआवजा और स्थायी नौकरी

लालकुआं। सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल में ड्यूटी के दौरान एक संविदा श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। मृतक की पहचान बिंदुखत्ता निवासी 34 वर्षीय मोहन राम पुत्र स्वर्गीय हरक राम के रूप में हुई है। घटना के बाद मिल प्रबंधन, श्रमिक संगठनों और परिजनों के बीच हुई वार्ता में मृतक परिवार को आर्थिक सहायता और स्थायी रोजगार देने पर सहमति बनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन राम मंगलवार को सेंचुरी पेपर मिल में जनरल शिफ्ट में ड्यूटी पर थे। बताया जा रहा है कि अपराह्न लगभग 4=15 बजे वह मिल परिसर में पैदल जा रहे थे, तभी अचानक अचेत होकर गिर पड़े और पास स्थित नाले में जा गिरे। आसपास मौजूद श्रमिकों ने तत्काल उन्हें बाहर निकालकर मिल की डिस्पेंसरी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हल्द्वानी स्थित डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहन राम मेहनती और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असामयिक मृत्यु से पूरे बिंदुखत्ता क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के उपाध्यक्ष नरेश चंद्रा ने बताया कि मोहन राम संविदाकार मेसर्स एस.एम. इंटरप्राइजेज के माध्यम से कारखाने में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि घटना के बाद प्रबंधन, मृतक परिवार और श्रमिक संगठनों के बीच 20 मई 2026 को वार्ता हुई। वर्ष 2021 और 2024 के पंजीकृत श्रम समझौतों के आधार पर मृतक की पत्नी भावना देवी को 9 लाख की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, प्रबंधन ने मृतक की पत्नी अथवा उनकी इच्छा अनुसार परिवार के किसी एक पात्र सदस्य को कारखाने में स्थायी रोजगार देने की भी घोषणा की है।

## शिशु भारती ( छात्र संसद ) का गठन



**मुनस्यारी ( पिथौरागढ )।** में शिशु भारती (छात्र संसद) का गठन विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्या मन्दिर कमल मेहरा एवं अधिवक्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष, सेनापति, मंत्री तथा वन्दना प्रमुख का चयन मतदान पद्धति से किया गया। चुनाव परिणाम में अध्यक्ष पद पर शिवम फर्स्वाण, सेनापति पद पर आयुष भाकुनी, मंत्री पद पर अर्जुन रावत तथा वन्दना प्रमुख पद पर रिया चिराल विजयी घोषित किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ता द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिशु भारती प्रमुख , वरिष्ठ आचार्य सहित विद्यालय के अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री बलवीर का भव्य स्वागत



**गंगोलीहाट।** जड़ी बूटी विकास सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री बलवीर सिंह घुनियाल अपने गंगोलीहाट प्रवास के दौरान क्षेत्र के विकास और किसानों की उन्नति को लेकर बेहद सक्रिय नजर आए। गंगोलीहाट पहुंचने पर स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में भाजपाअजा मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपाल आर्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में नगर मण्डल अध्यक्ष संजेश मेहता, भाजपा अनु मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दर्पण कुमार और अजा नगर मण्डल अध्यक्ष दयाल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। आज प्रात: राज्य मंत्री ने सबसे पहले विश्व प्रसिद्ध मंदिर मां हाट कालिका के दरबार में हाजिरी लगाई और देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत, उन्होंने क्षेत्र के प्रगतिशील काश्तकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में नीरज पंत, प्रताप सिंह रावत, भूपाल आर्या, करम राम, पंकज भट्ट, विमलेश कोठारी, अमित वर्मा, लिखित पंत और प्रकाश पंत सहित कई स्थानीय किसान मौजूद रहे। बैठक के दौरान राज्य मंत्री ने सरकार द्वारा जड़ी बूटी की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने परंपरागत खेती के साथ-साथ जड़ी बूटी उत्पादन को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के किसानों की आजीविका को मजबूत करने और उनकी आय दोगुनी करने में मील का पत्थर साबित होगी। घुनियाल ने किसानों को प्रेरित करते हुए विश्वास दिलाया कि सरकार और वे स्वयं व्यक्तिगत स्तर पर काश्तकारों को हरसंभव तकनीकी जानकारी, संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इसी बीच, स्थानीय मीडिया प्रतिनिधि से विशेष बातचीत करते हुए बलवीर सिंह घुनियाल ने क्षेत्र की जनसमस्याओं पर भी खुलकर बात की। गंगोलीहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टरों की लंबे समय से चल रही कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस गंभीर मामले को लेकर जल्द ही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करेंगे। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे शासन के समक्ष मजबूती से क्षेत्र का पक्ष रखेंगे और अस्पताल में जल्द से जल्द डॉक्टरों की तैनाती करवाकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का भरसक प्रयास करेंगे। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध पाताल भुवनेश्वर दर्शन के बाद राजधानी वापसी का कार्यक्रम है।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया माल्यार्पण व स्वागत



**पिथौरागढ़।** जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्यकारिणी के गठन के पश्चात अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, प्रदेश सोशल मीडिया सहसंयोजक प्रशंसा सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष मनोज, जिला मंत्री रघुवीर सिंह, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी रविंद्र जंग, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा करण आदि उपस्थित थे।

# रेगड़ू क्षेत्र के शिव मन्दिर में स्थापित वीर खम्ब बयां करते वीरता और पूर्वजों का इतिहास

**लोहाघाट।** उत्तराखंड के चम्पावत जनपद के बाराकोट ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले रेगड़ू शिव मन्दिर (रेगड़ू महादेव परिसर में स्थित वीरखाम्ब (वीरखंभ / बिरखम) प्राचीन कत्यूरी शासन पश्चात् चन्द राजवंश के काल की स्थापत्य कला, शौर्य और लोक-संस्कृति के अद्भुत प्रतीक है!वीरखंभ वास्तव में विजय स्तंभ या कीर्ति स्तंभ होते हैं। ये पत्थर के नक्काशीदार खंभे होते हैं, जिन्हें प्राचीन काल में राजाओं, स्थानीय सेनापतियों या वीर योद्धाओं की स्मृति, शौर्य और किसी विशेष युद्ध में मिली विजय को अमर रखने के लिए स्थापित किया जाता था। रेगड़ू महादेव और उसके आसपास के वीरखंभों का संबंध चंद शासनकाल से माना जाता है।

इस क्षेत्र में जब भी कोई वीर योद्धा अपनी मातृभूमि या राजा के लिए लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होता था, तो उसकी याद में इस तरह के प्रस्तर स्तंभ पत्थर के खंभे खड़े किए जाते थे। समय के साथ इन वीरखंभों को लोक मान्यताओं और



धार्मिक मान्यता अनुसार लोक देवताओं के रूप में पूजा जाने लगा। रेगड़ू महादेव (भगवान शिव मन्दिर के सानिध्य में होने के कारण इन्हें अत्यंत पवित्र माना जाता है।

स्थानीय लोग इन्हें अपने पूर्वजों और क्षेत्र के रक्षकों के प्रतीक के रूप में पूजते हैं। रेगड़ू क्षेत्र के व्योवृद्ध नागरिक 101 वर्षीय रिटायर्ड प्रधानाध्यापक मोती सिंह मेहता के अनुसार कत्युरी शासन पश्चात् लगभग तेरहवी शताब्दी में हम महत लोग चन्दवंशी थे जिन्हे बाद में मेहता कहां गया! मेहता लोग जो चंद वंशी थे उसके पूर्वज राम सिंह चम्पावत से रेगड़ू आया! आते समय कहते है कि मानेश्वर में जो देवदार पेड़ है उसी का लगायाहुआ है जिसे अभी भीं रमई दयार कहते है!रेगड़ू आने पर उसके दो बेटे ज्ञान चंद और ध्यान चंद हुए! ज्ञान चंद को राई और चाक मेहता गाँव का पूर्वज माना जाता है. तथा ध्यान चंद को छन्दा और खकोड़ा गाँव का पूर्वज माना जाता है! उल्लेखनीय है कि नौ गाँव रेगड़ू में चार गाँव मेहता लोगो के है!

मन्दिर परिसर में स्थापित इन खंभों पर अक्सर त्रिशूल, तलवार, ढाल या प्राचीन लिपि में कुछ आकृतियां उकेरी हुई है! कुमाऊं के इतिहास में वीरखाम्ब उन भारी-भरकम, नक्काशीदार पत्थर के खंभों को कहा जाता है, जिन्हें प्राचीन काल में युद्ध में अद्भुत वीरता दिखाने वाले योद्धाओं (वीरों) की स्मृति में या किसी विशेष विजय के उपलक्ष्य में स्थापित किया जाता था।

## सीमित संसाधनों के बावजूद योग में कर रही है कमाल जनकॉण्डे की नन्ही हर्षिता

**लोहाघाट।** कहते हैं प्रतिभा परिचय की मोहताज नहीं होती है। चंपावत जिले की ग्राम पंचायत जनकॉण्डे की कक्षा 8 की छात्रा कु. हर्षिता माहरा की योग प्रतिभा को देख लोग हैरान है कि बिना किसी संसाधनों व उचित प्रशिक्षण के भी हर्षिता कठिन से कठिन योग को आसानी से कर लेती है। हर्षिता को प्रोत्साहन एवं उचित मार्गदर्शन व प्रशिक्षण मिले तो वह योग के क्षेत्र में चंपावत जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकती है। हर्षिता की योग प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए के जनकॉण्डे के जिला पंचायत सदस्य अशोक माहरा ने जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार से हर्षिता को योग के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए संसाधन व उचित मार्गदर्शन देने की मांग की है।

अशोक माहरा ने कहा जिलाधिकारी के द्वारा जनपद के युवाओं को खेल एवं अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु निरंतर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। अशोक माहरा ने जिलाधिकारी को बताया ग्राम पंचायत जनकॉण्डे के एक दूरस्थ क्षेत्र जाख तोक की प्रतिभाशाली बालिका कु. हर्षिता माहरा, पुत्री स्वरूप सिंह माहरा वर्तमान में कक्षा 8 की छात्रा हैं। अत्यंत सीमित संसाधनों एवं बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के भी यह बालिका उच्च स्तर के योग एवं कठिन आसनों को आसानी से कर लेती है जो बालिका की असाधारण प्रतिभा का परिचायक है। कहा पूर्व में एलोरा ग्रुप



के सीईओ राज भट्ट के द्वारा हर्षिता की प्रतिभा को देखकर उन्हें योग गुरु बाबा रामदेव के योग केंद्र में भेजने की बात कही थी किंतु उचित संपर्क एवं मार्गदर्शन के अभाव में यह प्रयास आगे नहीं बढ़ सका। अशोक माहरा ने जिलाधिकारी से इस बालिका की प्रतिभा को उचित मंच, प्रशिक्षण एवं सहयोग प्रदान करने की मांग की है ताकि उसकी प्रतिभा के साथ न्याय हो सके तथा वह भविष्य में जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सके। मालूम हो हर्षित बिना किसी प्रशिक्षण व संसाधनों के कठिन से कठिन योग व आसान आसानी से कर लेती है अगर इस बालिका को उचित प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराए जाए तो यह बालिका योग के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ सकती है।

## चोरी की घटना का सात घंटे में खुलासा

**उत्तरकाशी।** कोतवाली बड़कोट क्षेत्र अंतर्गत सिलक्यारा टनल निर्माण कार्य कर रही नवयुगा इंजीनियरिंग लिमिटेड से इलेक्ट्रॉनिक मोटर चोरी होने के मामले में बड़कोट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 6-7 घंटे के भीतर घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी हुई मोटर बरामद कर ली। कंपनी प्रबंधन द्वारा कोतवाली बड़कोट में इलेक्ट्रॉनिक मोटर चोरी होने संबंधी तहरीर दी गई। इस पर पुलिस द्वारा तत्काल अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

जनपद के पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय द्वारा चोरी के अनावरण तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक बड़कोट सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पतारसी-सुरागरसी कर जानकारी जुटाई और मात्र 6-7 घंटे के भीतर चोरी की घटना का सफल खुलासा कर दिया। पुलिस ने कंपनी की मोटर चोरी करने वाले अभियुक्त भीम सिंह को गिरफ्तार कर चोरी हुई इलेक्ट्रॉनिक मोटर बरामद की। मामले में पुलिस द्वारा धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई।

# मरम्मत कार्य के चलते कोली ढेक झील के खोले गेट लोहावती का बड़ा जलस्तर

### झील के गेटों का मरम्मत का कार्य हुआ पूरा

**चंपावत ।** जिले के लोहाघाट की प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कोली ढेक झील के गेट मरम्मत कार्य के चलते खोलें गए है। जिस कारण झील से छोड़े गए पानी के चलते लोहावती नदी का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से नौका संचालकों के द्वारा भी नोका संचालक बंद किया गया है। कोली ढेक झील की देख रेख का कार्य सिंचाई विभाग लोहाघाट के द्वारा किया जाता है। मंगलवार को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आर0डी0 भट्ट की देखरेख में रुड़की से आई विशेषज्ञों की टीम के द्वारा झील के गेटो की मरम्मत की गई। अधिशासी अभियंता भट्ट ने बताया मानसून से पूर्व प्रत्येक वर्ष झील के गेटों में मरम्मत का कार्य विभाग के द्वारा करवाया जाता है। जिसके तहत पिछले चार-पांच दिनों से झील के गेटों की मरम्मत का कार्य चल रहा था । कहा मंगलवार को झील के गेटों की मरम्मत का कार्य पूरा किया गया है। उन्होंने बताया पानी छोड़े जाने के लिए प्रशासन को सूचना दी गई तथा ग्रामीणों को भी सचेत किया गया है। अधिशासी अभियंता ने बताया कोली झील के गेटों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिनकी सफल टेस्टिंग की गई है। उन्होंने बताया मरम्मत का मुख्य उद्देश्य मानसून सत्र में झील के गेटों को चुस्त दुरुस्त रखना है ताकि मानसून काल में झीलों का जलस्तर बढ़ने पर सुचारू रूप से झील से जल निकासी की जा सके। उन्होंने बताया झील के गेट सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं।

# रेगड़ू के खकोड़ा में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

## ग्रामीणों का खाली बर्तनों के साथ जल निगम के खिलाफ प्रदर्शन

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**बाराकोट।** चंपावत जिले के बाराकोट ब्लॉक के रेगड़ू क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना मे खराबी आने के कारण पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है।खासकर खकोड़ा ग्राम सभा में। ग्रामीण 2 से 3 किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर है। जल निगम के द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व योजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया था ।

योजना निर्माण पर ग्रामीणों ने कई गंभीर आरोप लगाए है। तो वहीं पिछले 10 दिनों से जल जीवन मिशन योजना में खराबी आने के कारण खकोड़ा ग्राम सभा में पेयजल जल के लिए हाहाकार मचा हुआ है । विभाग द्वारा समस्या का समाधान न करने पर मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश सिंह मेहता के नेतृत्व में खाली बर्तनों के साथ जल निगम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा समस्या के समाधान की मांग की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा विभाग के द्वारा योजना निर्माण में कई अनियमितताएं बरती गई है। कहा जबकि योजना में नया टैंक बनना था पर जल निगम के द्वारा पुरानी योजना के टैंक में ही नई योजना की मुख्य पाइपलाइन को जोड़ दिया गया है।





ग्रामीणों ने कहा योजना निर्माण के बाद पेयजल की किल्लत पूर्व से बनी हुई थी पर पिछले 10 दिनों से योजना में बिल्कुल पानी नहीं आ रहा है जिस कारण खकोड़ा गांव में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों ने कहा संबंधित अभियंता को फोन के माध्यम से कई बाहर सूचना दी गई पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया ना ही समस्या के समाधान के लिए विभाग की ओर से कोई प्रयास किए गए हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया महिलाएं व बच्चे दो से तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी ढोने को मजबूर है ग्रामीणों ने कहा गांव के साथ-साथ विद्यालय में भी पेयजल की किल्लत बनी हुई है जिस कारण छात्र-छात्राओं को भी कई दिक्कत उठानी पड़ रही है।

- **जल जीवन मिशन योजना हुई खराब पुराने टैंक से जोड़ दी गई योजना, नहीं बना नया टैंक**
- **डेढ़ साल पहले बनी जल जीवन मिशन योजना की ग्रामीणों की जांच की मांग**
- **ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली छात्र भी प्यासे 10 दिन से नहीं टपकी पानी की बूंद**
- **2 किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर महिलाएं व बच्चे**

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व समस्त ग्रामीणों के द्वारा जिलाधिकारी से पेयजल योजना की जांच करने तथा समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा पूर्व में योजना में जो पानी आ रहा था वह भी मटमैला था और पीने योग्य नहीं था ना ही विभाग के द्वारा टैंक की सफाई की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा इस पानी को पीने से गांव के कई लोगों मे पीलिया की शिकायत पाई गई। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्द पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो ग्रामीण डीएम कार्यालय में जाकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रदर्शन करने में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश मेहता ,मोहन मेहता ,किशोर जोशी, रवि मेहता ,अंकुर मेहता,गणेश मेहता सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मेडिकल स्टोरो में लटके रहे ताले मरीज रहे परेशान

### ऑनलाइन व्यापार को लेकर केमिस्ट एसोसिएशन ने जताई चिंता



**लोहाघाट।** देश में लगातार दवा के बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार को लेकर दवा व्यापारियों में गहरी नाराजगी देखने में नजर आ रही है। ऑनलाइन दवा बिक्री व कॉर्पोरेट द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट का विरोध करते हुए आज 20 मई को ऑल इंडिया केमिस्ट के आवाहन पर चंपावत जिले के सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे । मेडिकल स्टोर बंद रहने से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

लोहाघाट मे ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष हेम पुनेठा व जिला महामंत्री चंद्रशेखर उप्रेती ने समस्त दवा व्यापारियों के साथ रामलीला मैदान लोहाघाट में ऑनलाइन दवा बिक्री व कॉर्पोरेट के भारी डिस्काउंट का कड़ा विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की तथा सरकार से दवा की ऑनलाइन बिक्री को बंद करने की मांग की गई। उन्होंने बताया आकस्मिक परिस्थितियों में कुछ मेडिकल स्टोर से दवाइयां उपलब्ध कराई जाएगी जिसके लिए सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को नंबर दिए गए है। उन्होंने कहा जवाब व्यापारियों को जनता को परेशान करने का कोई इरादा नहीं है वह लोग सिर्फ अपनी मांगों को लेकर विरोध जता रहे है। कहा आज ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध मे लोहाघाट नगर सहित चंपावत जिले के सभी मेडिकल स्टोर पूर्ण रूप से बंद रखे गए हैं।

उन्होंने कहा दवा व्यापारियों का मकसद किसी को परेशान करना नहीं है बल्कि अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उन्हें मजबूरी में यह निर्णय लेना पड़ा है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है। दवा व्यापारियों ने कहा अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो आगे को आंदोलन और बड़ा रूप लगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। वही लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी ने बताया मेडिकल स्टोरो की हड़ताल को देखते हुए अस्पताल में पूरी तैयारी की गई है तथा जीवन रक्षक दवा अस्पताल में प्रचुर मात्रा में है।

अस्पताल का जन औषधि केंद्र खुला हुआ है जिसमें भरपूर मात्रा में दावा है उन्होंने कहा मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। आंदोलन में गीता राय, नरेश कनोजिया, आलोक जोशी , हेम बोहरा, तिलक बोहरा ,नितिन महरा, मनोज फर्त्याल, नवल आर्य ,रवि फर्त्याल ,प्रकाश पुनेठा,संदीप सग्टा ,विकास विश्वास, सुंदर गिरी ,नीरज राय ,आयुष चंद, वीरेंद्र,सिंह ,सुलभ वर्मा, केसवी देवी आदि मेडिकल स्टोर स्वामी मौजूद रहे।

## सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री डालने वालों की अब खैर नहीं

**चंपावत।** जनपद के मुख्य मार्गों और मोटर मार्गों को सुरक्षित तथा सुचारू बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मनीष कुमार ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान कतिपय लोगों और संस्थाओं द्वारा भवन निर्माण सामग्री को सीधे मुख्य सड़कों और मोटर मार्गों के किनारे अनधिकृत रूप से डंप किया जा रहा है। सड़कों पर इस तरह अवैध रूप से रखी जा रही सामग्री के कारण न केवल पूरी यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है तथा जल निकासी व्यवस्था बाधित होकर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही धूल एवं गंदगी फैलने से जन स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी तथा मोटर मार्गों से संबंधित संस्थाओं को निर्देशित किया है कि मोटर मार्गों के किनारे रखी निर्माण सामग्री को हटाए जाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि मोटर मार्गों के किनारे बिना अनुमति कोई भी निर्माण कार्य न करें और प्रशासन की इस मुहिम में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।



## टनकपुर-बनबसा बाईपास की मांग को लेकर संघर्ष समिति का गठन

**चंपावत ।** जिले के टनकपुर मे विजन स्कूल में एनएच चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों की एक वृहद बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रभावित जन उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से टनकपुर बनबसा बाईपास बनाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। समिति की कार्यकारिणी निम्न प्रकार घोषित की गई जिसमें अध्यक्ष केशव भंडारी,उपाध्यक्ष, महेश चंद्र, सत्यप्रकाश, अजय देऊपा, महासचिव दीप चंद्र पाठक, सावन चंद सचिव महेश सिंह देऊपा, भुवन जोशी, भोपाल भट्ट,मीडिया प्रभारी अर्जुन सिंह,सोशल मीडिया प्रभारी गौतम मेहराना, भवित भट्ट, जितेंद्र सिंह,विधिक सलाहकार एडवोकेट मृत्युंजय चंद, एडवोकेट मनोज तिवारी,कोषाध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी,मुख्य संरक्षक तारा दत्त पुनेठा, रमेश लाल वर्मा, एडवोकेट विजय चंद, महेंद्र बंसल, दीप मोहन तिवारी, गोवर्धन सिंह, राम दत्त शर्मा, भुवन कथायत एवं विजय बंसल को चुना गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने नगर के भीतर से गुजरने वाली वर्तमान सड़क पर बढ़ते यातायात, भीड़भाड़ तथा दुर्घटनाओं की आशंका पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विशेष रूप से सड़क किनारे स्थित दर्जनों विद्यालयों में अध्ययनरत हजारों बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई।इसके अतिरिक्त क्षेत्रवासियों के व्यापार, आवास एवं कृषि भूमि को होने वाले संभावित नुकसान पर भी चर्चा की गई। सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में वर्तमान सड़क के विकल्प के रूप में टनकपुर-बनबसा बाईपास निर्माण की मांग का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी रणनीति एवं आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने हेतु अगली बैठक बृहस्पतिवार शाम 7 बजे पुनः विजन स्कूल, टनकपुर में आयोजित की जाएगी।संघर्ष समिति ने समस्त प्रभावित जनों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने अधिकारों की आवाज को मजबूत करने का आह्वान किया।



## ऑपरेशन प्रहार के तहत अल्मोड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 17.480 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में जिलेभर में नशा तस्करों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अवैध स्मैक, गांजा, चरस तथा अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने हेतु कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दिनांक 19 मई 2026 को अपर पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन तथा सीओ अल्मोड़ा/रानीखेत बलवन्त सिंह रावत के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह और प्रभारी एसओजी सुनील धानिक के नेतृत्व में सल्ट थाना एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा कठपतिया तिराहा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूके04-टी-5474 पर सवार दो युवकों की तलाशी लेने पर एक पिट्ठू बैग और एक कट्टे से कुल 17.480 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 37 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना सल्ट में मुकदमा संख्या 11/2026, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया गया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच में जुटी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त में अनिल रावत (30 वर्ष), निवासी ग्राम टेड़ा, थाना रामनगर, जिला नैनीताल गौरव रावत (28 वर्ष), निवासी रिवाली रणथमवल, थाना अल्मोड़ा शामिल हैं।

## हाथी से टकराई स्कूटी शिक्षिका गंभीर घायल, हाथी का टूटा दांत

**चंपावत।** टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग में जगबुड़ा पुल के पास मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। जब स्कूटी सवार शिक्षिका की राष्ट्रीय राजमार्ग में जंगली हाथी से टक्कर हो गई जिसमें वह घायल हो गईं। घायल शिक्षिका निकिता राय हिंद पब्लिक स्कूल में कार्यरत हैं। हादसा उस समय हुआ जब वह स्कूटी से गुजर रही थीं। इसी दौरान अचानक जगबूढ़ा पुल के पास सड़क पर आए जंगली हाथी से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाथी का एक दांत भी टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पीछे से आ रहे शिक्षकों व राहगीरों के द्वारा हो हल्ला मचा कर हाथी को जंगल की ओर भगाया गया तथा घायल शिक्षिका को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।स्थानीय लोगों ने वन विभाग से जंगल क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा जंगली हाथियों की आवाजाही पर निगरानी रखने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। मूवी दुर्घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई तथा लोगों से जंगल क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई।



## सील गांव में विशालकाय अजगर दिखने से मचा हड़कंप

**चंपावत।** जिले के बाराकोट ब्लॉक के दूरस्थ सील गांव में मंगलवार दोपहर को गांव से मात्र 200 मीटर की दूरी पर विशालकाय अजगर के दिखने से हड़कंप मच गया। सील गांव के सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सिंह ने बताया आज मंगलवार दोपहर को गांव के पास ही झाड़ियों में ग्रामीणों को एक विशालकाय अजगर नजर आया अचानक इतने बड़े अजगर को देखने से ग्रामीण दहशत में आ गए और आश्चर्य में पड़ गए कि आखिर इतना विशालकाय अजगर गांव में कहां से आ गया। रमेश सिंह ने बताया गांव में अक्सर सांप दिखाई देते थे लेकिन इतना बड़ा अजगर गांव में पहली बार देखा गया है। रमेश सिंह ने बताया अब यह अजगर ग्रामीणों के मवेशियों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा सभी ग्रामीणों को सचेत किया गया है कि इस क्षेत्र में अपने मवेशियों को ना भेजें। वही ग्रामीणों ने विशालकाय अजगर का वीडियो भी बनाया है। मामले में वन्य जीव विशेषज्ञ ने बताया मौसम परिवर्तन के चलते यह अजगर भटकते हुए गांव में पहुंच गया होगा। कहा मौसम परिवर्तन के चलते अब तराई क्षेत्र के कई जीव जंतु पहाड़ों में नजर आने लगे हैं जिनमे बंगाल टाइगर ,मोर और अब यह विशालकाय अजगर जिसका उदाहरण है। उन्होंने भी ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

## गंगोत्री नगर पंचायत की मुहिम रंग लाई, रोज हो रहा है एक टन कूड़े का निस्तारण

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को स्वच्छ, सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। शासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप गंगोत्री धाम क्षेत्र में प्रतिदिन व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत से रोजाना एक टन से अधिक कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है, ताकि धाम की पवित्रता और पर्यावरण संतुलन दोनों सुरक्षित रह सकें। एकत्रित कूड़े को गंगोत्री से लगभग छह किलोमीटर पीछे स्थित अखोड़थातर ले जाया जाता है, जहां स्थापित कंपोस्ट मशीन के माध्यम से कचरे को जैविक और अजैविक श्रेणियों में अलग-अलग किया जा रहा है। नगर पंचायत गंगोत्री के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जैविक कचरे को प्रोसेस कर जैविक खाद में परिवर्तित किया जा रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर उपयोगी संसाधन भी तैयार हो रहे हैं। अब तक लगभग 200 किलो जैविक खाद तैयार की जा चुकी है, जो इस पहल की सफलता का प्रमाण है। वहीं, अजैविक कचरे को सुरक्षित रूप से एकत्रित कर उचित स्थान पर रखा जा रहा है, जिससे धाम क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। नगर पंचायत के इस प्रयास से न केवल चारधाम यात्रा मार्ग साफ-सुथरा और सुरक्षित बन रहा है, बल्कि तीर्थयात्रियों में भी स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंच रहा है।

## डीएम का कड़ा रुख को देख जागा एनएच भरे जाने लगे गड्ढे

**लोहाघाट।** टनकपुर घाट राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क में हुए गड्ढों को न भरने, झाड़ी कटान व कलमठ निर्माण मे देरी को लेकर जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए एनएच के अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी किया था तथा 15 दिन के भीतर इन कार्यों को पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए सोमवार को दिए गए थे। जिलाधिकारी के सख्त रवैए को देखकर एनएच विभाग जागा और सड़क में हुए जानलेवा गड्ढों को भरने का कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। विभाग के द्वारा लोहाघाट के अक्कल धारा के पास हुए जानलेवा गड्ढे को भरने के साथ साथ अन्य गड्ढों को भरा जा रहा है। अक्कल धारा के पास बने गड्ढे के भरे जाने से पानी भरने वाले लोगों व वाहन चालकों तथा पैदल चलने वाले राहगीरों ने राहत की सांस ली तथा जिलाधिकारी चंपावत को धन्यवाद दिया। लोगों ने बताया यहा पर लंबे समय से काफी बड़ा गड्ढा हो गया था।जिसमें दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई थी। लोगों ने जल्द बंद पड़ी नालियों को खोलने की मांग की।



# पहाड़ के बेटे मयंक बिष्ट ने सुरों से बनाई पहचान

### सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हासिल किया प्रथम स्थान

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के रामगढ़ ब्लॉक स्थित शांत और सुरम्य गांव नथुवाखान का युवा मयंक बिष्ट आज अपनी मधुर आवाज और संगीत साधना से क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। सीमित संसाधनों और सुविधाओं के बावजूद मयंक ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर संगीत की दुनिया में अलग मुकाम हासिल किया है।

पहाड़ी आर्मी की नगर अध्यक्ष कविता जीना ने बताया कि बचपन से ही मयंक को संगीत से गहरा लगाव था। जहां दूसरे बच्चे खिलौनों से खेलते थे, वहीं मयंक सुरों और लयों के साथ अपना समय बिताते थे। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण और गुरु के उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



मयंक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नथुवाखान के विद्यालय से प्राप्त की। उनके शिक्षकों को भी उनकी आवाज में एक अलग प्रतिभा दिखाई देती थी। गुरुजनों के आशीर्वाद और परिवार के सहयोग ने उनके आत्मविश्वास को मजबूत किया।

मयंक का कहना है कि संगीत ईश्वर की एक अनमोल देन है और वह अपने सुरों के माध्यम से लोगों के दिलों में जगह बनाना चाहते हैं। वर्तमान में वह जागरण, श्रीमद्भागवत कथा, शिव पुराण, सुंदरकांड, देवी भागवत और रामायण जैसे धार्मिक आयोजनों में भजन प्रस्तुत कर रहे हैं। उनके मधुर भजन श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर देते हैं।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि मयंक बिष्ट की सफलता पहाड़ के युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का हौसला रखते हैं।

## कुलपति ने राज्यपाल से की भेंट

**अल्मोड़ा।** एस एस जे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने लोकभवन में उत्तराखंड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति ले.जनरल गुरमीत सिंह (से0नि0) से मुलाकात कर विश्वविद्यालय में शोध, अकादेमिक एवं शिक्षण गतिविधियों के साथ विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर जानकारी दी।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय में आगामी सत्रों में बीएससी फॉरेंसिक साइंस, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी,, एम.एससी. साइबर सिक्योरिटी, प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्लिनिकल साइकोलॉजी, पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन क्रिमिनोलॉजी एंड फॉरेंसिक साइंस, बीए ऑनर्स टूरिज्म, एम.बीए टूरिज्म, एमबीए टूरिज्म, सर्टिफिकेट कोर्स इन स्वामी विवेकानंद फिलासफी, सर्टिफिकेट कोर्स इन योग एंड मेडिटेशन, सर्टिफिकेट कोर्स इन पर्सनैलिटी एंड स्किल डेवलपमेंट, पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन पर्सनैलिटी एंड स्किल डेवलपमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स इन फोटोग्राफी, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन सिनेमैटोग्राफी जैसे रोजगारपरक कोर्सों के संचालन की भी जानकारी दी।

इस मुलाकात के दौरान सैन्य संरचना,सुरक्षा, विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न संस्थानों के साथ हुए एम ओ यू विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी। कुलाधिपति द्वारा उपरोक्त कार्यों को लेकर कुलपति प्रो. बिष्ट की सराहना की और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रस्तावित प्रथम दीक्षांत समारोह के आयोजन अवसर महामहिम के निर्देशों पर लिखी पत्रकारिता ‍- संभावनाएं, भविष्य एवं चुनौतियां पुस्तक का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## क्लीन टू ग्रीन ड्राइव के तहत युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अल्मोड़ा।** इंडियन यूथ फोरम की ओर से क्लीन टू ग्रीन ड्राइव अभियान के तहत हवालबाग ब्लॉक के दौलाघट क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत युवाओं ने सार्वजनिक स्थलों और नदी किनारे सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। फोरम की राज्य समन्वयक सुनीता भट्ट ने बताया कि 8 मई से शुरू हुआ यह अभियान 22 जून तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान युवा स्वयंसेवकों की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने क्षेत्र से कूड़ा एकत्र कर कूड़ेदान में डाला और दौलाघट नदी के आसपास भी सफाई अभियान चलाया।

## जिसके नाम पर अस्पताल, उसी महापुरुष को जयंती पर भूला प्रशासन

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और समाज सुधारक पंडित हरगोविंद पंत की जयंती पर मंगलवार को अल्मोड़ा में एक बार फिर प्रशासनिक संवेदनहीनता देखने को मिली। जिस महापुरुष के नाम पर अल्मोड़ा जिला चिकित्सालय का नाम रखा गया है, उसी महान विभूति की प्रतिमा सुबह से बिना माल्यार्पण के खड़ी रही, लेकिन न जिला प्रशासन वहां पहुंचा और न ही चिकित्सा प्रबंधन ने उन्हें याद करना जरूरी समझा।

हैरानी की बात यह रही कि हर सामाजिक और सार्वजनिक आयोजन में सक्रिय दिखाई देने वाले उनके परिजनों ने भी इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। इसे लेकर लोगों में गहरी नाराजगी और निराशा दिखाई दी। लोगों का कहना था कि जिन महापुरुषों ने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया, आज उन्हें सम्मान देना भी व्यवस्था के लिए प्राथमिकता नहीं रह गया है।सुबह से उपेक्षित पड़ी प्रतिमा पर दोपहर बाद अल्मोड़ा इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं वरिष्ठ शिक्षाविद सुशील कुमार जोशी माला लेकर स्वयं जिला चिकित्सालय पहुंचे। उनके आग्रह पर अस्पताल स्टाफ द्वारा पंडित हरगोविंद पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान मनमोहन बोरा, सुरक्षा अधिकारी हरीश सिंह बिष्ट , संजय पाण्डे भी मौजूद रहे।

# दूरस्थ फिताडी गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 194 ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**उत्तरकाशी ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत के दिशा-निर्देशों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी डॉ. नितेश रावत के मार्गदर्शन में आकांक्षी ब्लॉक मोरी के दूरस्थ क्षेत्र फिताडी गांव में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

डॉ. नितेश रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य शिविर में ग्रामसभा के 194 ग्रामीणों एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देकर जागरूक किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संस्थागत प्रसव पर उपलब्ध सभी नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. विनीत, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा, एएनएम लक्ष्मी, आशा कार्यकत्री सरिता एवं ग्राम प्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत ने बताया कि बुधवार को सभी उपकेंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एएनएम एवं सीएचओ द्वारा एएनसी, पीएनसी, शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता अभियान, टीकाकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।